Mob.: 9412879799
Email: ggpgcsirsaganj1996@gmail.com

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिरसागंज, फिरोजाबाद (उ.प्र.) –283151

प्राचार्य

पत्रांक – 466/स॰सु॰जा॰का॰/2022-23

दिनांक – 17/11/2022

सेवा में,

प्राचार्य,

समस्त महाविद्यालय, फिरोजाबाद (उ.प्र.)

विषय: <u>दिनांक 22.11.2022 को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किए जाने हेतु प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक उच्च शिक्षा के कॉलेजों में छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किए जाने हेतु प्रतियोगिताओं हेतु महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में लेखन, पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न होने के उपरांत दिनांक 22.11.2022 को जनपद स्तर पर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरसागंज, फिरोजाबाद, में निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

1. लेखन (निबंध) प्रतियोगिता
2. पोस्टर प्रतियोगिता
3. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

विभिन्न महाविद्यालयों में पूर्व में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के परिणाम में विजेता छात्र/छात्रा ही इन प्रतियोगिताओं में शामिल रहेंगे। अधिकांश महाविद्यालयों से प्रतियोगिताओं के परिणाम इस महाविद्यालय को प्राप्त करा दिए गए हैं।

प्रतियोगिता हेतु सामान्य नियम

1. प्रतियोगिता अपने पूर्व निर्धारित समय प्रातः 11:00 बजे से ही प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता प्रारंभ होने के बाद किसी भी प्रतिभागी को विलंब से आने पर प्रवेश देना संभव नहीं होगा।
2. किसी एक प्रतियोगिता का प्रतिभागी अन्य किसी दूसरी प्रतियोगिता का प्रतिभागी नहीं होना चाहिए।
3. निबंध प्रतियोगिता हेतु अधिकतम समय सीमा 30 मिनट होगी। निबंध प्रतियोगिता केवल हिंदी व अंग्रेजी इन्हीं दोनों भाषाओं में ही मान्य होगी। निबंध प्रतियोगिता हेतु लेखन पुस्तिका नोडल केंद्र राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। लेखन सामग्री (स्टेशनरी) प्रतिभागी स्वयं लेकर आएं।

4. पोस्टर प्रतियोगिता की अधिकतम सीमा 45 मिनट होगी। प्रतिभागी को चार्ट पेपर नोडल केंद्र राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, परंतु अन्य सामग्री ड्राइंग प्रतिभागी स्वयं लेकर आएं।
5. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की अधिकतम समय सीमा 60 मिनट होगी। प्रतियोगिता मौखिक एवं लिखित दोनों प्रारूपों में होगी। प्रतियोगिता में मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है, यदि कोई प्रतिभागी मोबाइल फोन का प्रयोग करते पाया गया तो वह प्रतियोगिता से निष्कासित कर दिया जाएगा।

भवदीय

प्राचार्य

(डॉ॰ कांती शर्मा)